# <u>प्रतिनिधिमंडल का भव्य स्वागत</u>

पन्तनगर। 26 अप्रैल 2025। पन्तनगर कृषि विश्वविद्यालय में आज कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान के नेतृत्व में रूस के सेंट पीटर्सबर्ग स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ वेटरनरी मेडिसिन के उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल का भव्य स्वागत कुलपति सभागार में किया गया। कार्यक्रम का संचालन अंतर्राष्ट्रीय मामलों के निदेशक डा. एच.जे. शिव प्रसाद द्वारा किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान द्वारा की गयी। मुख्य अतिथि के रूप में सेंट पीटर्सबर्ग स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ वेटरनरी मेडिसिन से रेक्टर प्रोफेसर पलेम्याशोव क्रिल तथा विशिष्ट अतिथि प्रो–रेक्टर प्रोफेसर निकितिन जॉर्जी उपस्थित थे। बैठक के दौरान दोनों विश्वविद्यालयों के मध्य शैक्षणिक एवं शोध स्तर पर संभावित सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। विशेष रूप से छात्र एवं संकाय सदस्य विनिमय कार्यक्रमों को बढ़ावा देने, संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं पर कार्य करने तथा दोनों संस्थानों के विशेषज्ञों के अनुभवों को साझा करने के उपायों पर विचार किया गया। साथ ही, कृषि नवाचार, उन्नत तकनीकी विकास, पशुचिकित्सा विज्ञान में नवीन अनुसंधान तथा सतत कृषि प्रणालियों के निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी गहन मंथन किया गया। इस बैठक में विश्वविद्यालय के सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशकगण तथा अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर डा. अनीता आर्या एवं डा. अमन कम्बोज ने भी सक्रिय एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह बैठक दोनों देशों के बीच शैक्षिक, वैज्ञानिक और अनुसंधान गतिविधियों में दीर्घकालिक सहयोग को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगी। इसमें न केवल वर्तमान अनुसंधान आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए नवाचार और तकनीकी उन्नयन पर बल दिया गया, बल्कि भविष्य की वैश्विक चुनौतियों को मिलकर समाधान निकालने की प्रतिबद्धता भी प्रकट की गयी।